# कांग्रेस के शासन में चरमरा गई है प्रदेश में कानून व्यवस्था: जयराम ठाकुर

## पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने घेरी कांग्रेस सरकार, कहा: कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूरी तरह से नाकाम रही है प्रदेश सरकार

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पालमपुर में कॉलेज छात्रा पर हुए हमले की निंदा करते हुए प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। मंडी में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए जयराम ठाकुर ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कांग्रेस की प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हिमाचल में गुंडाराज बढ़ गया है। कॉलेज छात्रा पर तेजधार हथियार से हुए हमले की इस घटना ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। जयराम ठाकुर ने इस घटना में घायल छात्रा के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुएए दोषी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि शिमला में पुलिस कंट्रोल रूम के सामने मर्डर होता है और इसी स्थान पर भाजपा के नेताओं पर प्रेस कांफ्रें स में युवा कांग्रेस द्वारा हमले की कोशिश की जाती है और पुलिस तमाशा देख रही थी। चंबा में एक युवक के टुकड़े-टुकड़े कर नाले में फैंक दिया जाता है और सरकार मामला दबाने की कोशिश करती है। जयराम ठाकुर ने हमीरपुर यूथ कांग्रेस क्लब द्वारा कथित तौर पर कंगना रनौत के खिलाफ डाली गई अभद्र पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनावी दौर में भी हिमाचल प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं के पास प्रचार-प्रसार के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है। विकास के मुद्दे के पर बात करने के बजाय कांग्रेसी नेता निम्न स्तर की बातों में लगे हैं और आए दिन भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत पर अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। हमीरपुर यूथ कांग्रेस के किसी पदाधिकारी द्वारा कंगना के खिलाफ टिप्पणी व अभद्र फोटो अपलोड किया गया है जिसकी शिकायत भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग को सौंप दी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने से कांग्रेसी नेता बाज नहीं आ रहे हैं। भाजपा द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी इन नेताओं पर कोई भी असर नहीं हो रहा है। पूर्व में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय नेत्री द्वारा मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी।



वहीं अब हिमाचल प्रदेश में दायित्ववान नेता खुलेआम कंगना पर अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनता देख कांग्रेस पार्टी के नेताओं की बौखलाहट और बढ़ गई है। इसी बौखलाहट के चलते आए दिन कांग्रेस पार्टी के नेता इस तरह की टिप्पणियों में लगे हुए हैं। इआरएसएस को विक्रमादित्य सिंह के मार्गदर्शन की आवश्यकता नहींइ मीडिया द्वारा पूछे सवाल पर नेता प्रतिपक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के प्रत्याशी ऐसे मुद्दे की तलाश में हैं जहां से उन्हें सहयोग और समर्थन मिले लेकिन मैं समझता हूं कि वो बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। आरएसएस को विक्रमादित्य सिंह के मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। एक ऐसा संगठन जिसकी देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान है। वो अपना निर्णय करने में सक्षम है। उन्हें ऐसी टिप्पणी ऐसे संगठन पर नहीं करनी चाहिए।

**आपदा में मंडी के सात पुल बहे, आपने कितने बहाल किए, बताएं विक्रमादित्य सिंह**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा में मंडी के सात पुल बह गए और लोगों को आठ माह से ब्यास के आरपार जाने में दिक्कत हो रही है। ऐसे में हम पीडब्ल्यूडी मंत्री और अब कांग्रेस से प्रत्याशी बनकर आए विक्रमादित्य सिंह से पूछना चाहते हैं कि आपने कितने पुल बहाल किए। सच तो ये है कि इन्होंने एक भी पुल रिस्टोर नहीं किया। अब लोग पुल न होने के कारण जान गंवा रहे हैं। मुझे यह कहते हुए बहुत दुःख हो रहा है कि ब्यास नदी पार करते हुए मंडी सदर घेरु बल्ह मैं एक दंपति हादसे का शिकार हो गए और पति की मौत इस हादसे में हुई। आखिर इसके लिए कौन जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि सडकों के लिए तीन हजार करोड़ दिल्ली से मोदी सरकार ने दिया है जिसका वो बड़ा बखान कर रहे हैं कि मैंने लाया लेकिन दिया तो भाजपा सरकार ने है। आप बताएं आपने क्या किया।

**मंडी यूनिवर्सिटी और शिवधाम पर क्यों चुपी साधी :** उन्होंने कहा कि मंडी यूनिवर्सिटी पर सांसद प्रतिभा सिंह और मंत्री विक्रमादित्य सिंह क्यों खामोश बैठे रहे। इसका उन्हें जनता के बीच जवाब देना होगा। आज 250 करोड़ की लागत से बनने वाला मंडी का शिवधाम क्यों खंडहर बना हुआ है, एयरपोर्ट का काम आगे क्यों नहीं बढ़ा जबकि हमने सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली है। प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह को इसका जवाब देना ही होगा।

## न्यूज फ्लैश

### जिला बार एसो. 22 अप्रैल को न्यायालय परिसर में विशाल भंडारा

**एसपी जैरथ**



**नाहन:** सिरमौर जिला बार एसोसिएशन नाहन द्वारा 22 अप्रैल सोमवार को न्यायालय कैंपस में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बार एसोसिएशन नाहन के अध्यक्ष अमित अत्री ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे हवन व पूजा अर्चना की जाएगी। उसके उपरांत साढ़े 11 बजे सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सिरमौर जिला बार एसोसिएशन नाहन के प्रधान अमित अत्रि ने बताया कि 22 को न्यायालय कैंपस में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे हवन व पूजा अर्चना की जाएगी। उसके उपरांत साढ़े 11 बजे सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान अमित अत्री के नेतृत्व में यह पहला भंडारा है। उन्होंने शहर के तमाम लोगों का आह्वान किया कि इस भंडारे में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करें।

### 23 अप्रैल को पांवटा में होगी भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक

**एसपी जैरथ**



**नाहन:** भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जिला सिरमौर की बैठक 23 अप्रैल 2024 को पावटा साहिब में शिव मंदिर धर्मशाला ब्रदीपुर में 11 बजे सुबह सुनिश्चित हुई हैं।

भाजपा ओबीसी मोर्चा सिरमौर के मीडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह बैठक भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में विशेष रूप से पूर्व मंत्री एवं शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सुखराम चौधरी व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष विनय चौधरी जी उपस्थित रहेंगे। बैठक में ओबीसी मोर्चा के जिले से पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा जिले के सभी 5 मंडलों के ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी बैठक में भाग लेंगे हैं।

## देश को नई दिशा देगा भाजपा का संकल्प पत्र : राकेश गर्ग

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर जिला भाजपा प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा है कि भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र देश को एक नई दिशा देने वाला है उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में कई ऐसे निर्णय पार्टी द्वारा लिए गए हैं जो आने वाले समय में समाज से जुड़े हर वर्ग के उत्थान में कारगर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत शामिल करने का जो निर्णय लिया गया है जो बेहद सराहनीय है वहीं दूसरी तरफ गरीब तबके से ताल्लुक रखने वाल वाले लोगों को अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन एगैस कनेक्शन और पीएम सूर्य घर से जीरो बिजली की व्यवस्था करने की भी बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में अस्पतालों में उच्च किस्म की दवाइयां उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में ओबीसी समुदाय को हर क्षेत्र में सम्मान देने की भी बात कही गई है उन्हें कहा कि निश्चित तौर पर भाजपा का यह संकल्प पत्र एक नई दिशा देने वाला होगा और आने वाले समय में इसके परिणाम भी देखने को मिले। राकेश गर्ग ने कहा कि यह गारंटी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए जा रही गारंटी है जो हर हाल में पूरी होगी।

## फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कैडेटों ने नाम रोशन किया

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: एनसीसी** वायु सेना विंग मंडी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में स्थापित एनसीसी एयर विंग मंडी के कैडेटों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय, एनसीसी व प्रदेश का नाम रोशन किया हैं। एनसीसी मंडी से भारतीय वायु सेना व भारतीय स्थल सेना में बतौर कमीशंड सैन्य अधिकारी 13 से अधिक कैडेटों का चयन, युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में विदेश के लिए 5 कैडेटों का चयनित होना व राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में वर्ष 2018 से वर्ष 2024 तक 8 से अधिक कैडेटों का चयनित होना एक शानदार रिकार्ड हैं। पिछले एक



दशक से सेकैडो एनसीसी कैडेट भारतीय सशस्त्र बलों में विभिन्न पदों पर सुशोभित हैं। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने एनसीसी वायु सेना विंग मंडी यूनिट की कमान बतौर फ्लाइट कमांडर 14 जून 2021 से बखूबी संभाली है। डॉ. चमन ने 14 जून 2021 से पहले एनसीसी एयर विंग मंडी में कार्यवाहक अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं व वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष है। फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन इंडस्ट्रियलाईजेशन इन हिमालयन रीजन व ग्रेट विजनरी व सोशल रिफ ॉर्मर भारत रत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नामक पुस्तकों के सह लेखक हैं। फ्लाइंग ऑफि सर डॉ. चमन ने 3 मोनोग्राफ , 3 शोध परियोजनाओं व एक दर्जन से अधिक शोध पत्रों का लेखन किया है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के सेमिनारों में शोध पत्र प्रस्तुत किये है। छात्र जीवन में एनसीसी आर्मी विंग में सीनियर अंडर ऑफि सर, गणतंत्र दिवस परेड, साहसिक खेलों में रॉक क्लाइंबिंग व पैराग्लाइडिंग में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## कालाअंब में 2.988 कि.ग्रा. गांजे के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार



**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला सिरमौर के पुलिस थाना कालाअंब की विशेष टीम में सैनवाला में गांजा की सप्लाई कर रहे महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपियों द्वारा क्षेत्र में गांजे की सप्लाई की जा रही है। लिहाजा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई को अंजाम देते हुए झारखंड के रहने वाले दो आरोपियों दरोगा भूरिया व निशा के कब्जे से 2.988 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस थाना कालाअंब के प्रभारी मोहर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है।

# 33वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## 12 जिलों के करीब 400 विद्यार्थियों ने खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया

**एसपी जैरथ**

**नाहन: 33वीं** राज्य स्तरीय पुरुष आईटीआई खेलकूद प्रतियोगिता नाहन स्थित आईटीआई परिसर में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों के करीब 400 विद्यार्थियों ने खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल,बैडमिंटन और कबड्डी आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं भी विद्यार्थियों के लिए



अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन वास करता है। सुमित खिमटा ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और युवाओं को अपनी उर्जा राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए। सुमित खिमटा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व यानि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह चुनाव में मतदान करें और अपने आपको लोकतांत्रिक प्रणाली का हिस्सा बनाये रखें। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन चुनावों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि देश में मजबूत सरकार का गठन हो सके। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि सभी युवा अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को एक जून को होने वाले मतदान के लिए अवश्य ही प्रेरित करें। खो-खो में आईटीआई मंडी ने ऊना को पराजित किया। 33वीं राज्य स्तरीय आईटीआई पुरुष खेलकूद प्रतियोगिता के खो-खो के मुकाबले में आईटीआई मंडी ने आईटीआई ऊना को 15-5 से पराजित कर खिताब हासिल किया।

## लोकसभा चुनाव पर 25 को होगा पहला पूर्व अभ्यास



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: आगामी** लोकसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत 28-नाचन (आ.ज) विधान सभा क्षेत्र में चुनाव कर्मियों के लिए पहला पूर्वाभ्यास 25 अप्रैल को मेला मैदान ख्योड़ में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए सहायक चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया यह पूर्व अभ्यास प्रातः 10 बजे से शुरू होगा जिसमें मतदान कर्मियों को विस्तृत रूप से तीन प्रस्तुतियों के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। उपमंडलाधिकारी ना. एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी 28-नाचन स्वयं मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे पूर्वाभ्यास स्थल पर ई.वी.एम. मशीनों का व्यवहारिक तौर पर चुनावी कर्मियों को प्रशिक्षण भी करवाया जाएगा। पूर्वाभ्यास स्थल पर एक कृत्रिम (डैमों) मतदान केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा ताकि पूर्वाभ्यास हेतु आए चुनाव मतदान कर्मियों को मतदान केन्द्र स्थापित किए जाने का प्रशिक्षण दिया जा सके। इसके अतिरिक्त स्वीप गतिविधियों के लिए सैल्फ ी प्वाइंट एवं पोस्टर/बेनर भी पूर्वाभ्यास स्थल पर स्थापित किए जाएंगे। चुनाव मतदान कर्मियों को मतदाता शपथ भी सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिलाई जाएगी।

## नाहन में सजा खेड़ा महाराज का दरबार, विशाल भंडारा आयोजित

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** हर वर्ष की भांति इस बार भी नगर खेड़ा महाराज का दरबार बड़ी ही भव्यता के साथ सजा। बीते कल शनिवार को जहां खेड़ा मंदिर समिति के द्वारा बसेरा का आयोजन किया गया, तो वहीं 21 अप्रैल को अटूट विशाल भंडारे का आयोजन बड़ा चौंक नाहन में किया गया। जबकि इससे पूर्व राज महल में खेड़ा जी महाराज के मुख्य स्थान पर दर्शनों के लिए राज परिवार द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार भी खोल दिए गए थे। जहां भारी संख्या में शहर वासियों ने नगर खेड़ा महाराज और



माता बाला सुंदरी के महल के भीतर स्थित स्थान पर शीश नवाया। आयोजन समिति के द्वारा नगर खेड़ा महाराज को मीठे पीले चावलों का भोग लगाया गया, जबकि माता बाला सुंदरी के दरबार में हलवा का भोग लगाकर बड़ा चौंक नाहन में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। बता दें कि नगर खेड़ा पूजन रियासत काल से होता आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों से खेड़ा समिति के द्वारा जागरण अथवा चौकी व भंडारा आदि लगाया जाता आ रहा है।

## 'सिरमौर में प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास 25-27 अप्रैल तक'

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत एक जून को होने वाले मतदान के दृष्टिगत सिरमौर जिला में नियुक्त पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 25 से 27 अप्रैल 2024 तक निर्धारित किया गया है। इन प्रथम पूर्वाभ्यास कार्यक्रमों में सिरमौर जिला के 589 मतदान केंद्रों में चुनावी डियूटी में तैनात होने वाले पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया



जायेगा।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों के अनुरूप मतदान हेतु पीठासीन अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि श्री रेणुका निर्वाचन क्षेत्र के अधीन प्रथम पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 24 अप्रैल और 25 अप्रैल 2024 को राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह में आयोजित किया जायेगा जिसमें पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। सुमित खिमटा ने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र का प्रथम पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 25 अप्रैल 2024 को डा. यशवंत सिंह परमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में रखा गया है। जिसमें पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीआरओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## हार को देखकर कांग्रेस अब विधायकों को चुनाव में उतार रही है : प्रताप रावत

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपनी हार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है इसलिए लड़ा रहे हैं अपने जीते हुए विधायकों से चुनाव ताकि कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की शर्मनाक हार ना हो। रावत ने बताया कि जीते हुए विधायकों से चुनाव लड? का क्या मतलब बनता है उन्होंने बताया कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पहले ही अल्पमत में है और ऊपर से दो जीते हुए विधायकों को लोकसभा चुनाव लडवा रहे हैं उनको पता है कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार गिर जाएगी क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू झूठी गारंटी देकर प्रदेश की जनता का भरोसा खो चुकी है



रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी को किसी अन्य नेताओं से लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए था लेकिन उन्हें पता है कि दूसरे नेता लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत

**साधा निशाना**

**8 कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने लगातार कई वर्षों तक देश व प्रदेश में राज किया लेकिन आज तक किसी भी व्यक्ति के खाते में एक रुपए तक नहीं डाला**

भी नहीं बचा पाएंगे क्योंकि अभी पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के हालात ठीक नहीं है बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी दो राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ अपने हाथों से गवा चुकी है इसलिए धीरे.धीरे कांग्रेस मुक्त भारत होने जा रहा है रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के विधायकों को भी कांग्रेस पार्टी पर भरोसा नहीं है इसलिए प्रदेश के 6 विधायकों ने कांग्रेस पार्टी छोडकर भाजपा का दामन थामा है रावत ने बताया कि भाजपा का नेतृत्व पीएम नरेंद्र मोदी जैसे नेता के हाथ में है जिनकी ताकत का लोहा पूरी दुनिया मानती है उन्होंने बताया कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की जनता को जो भी गारंटी देते हैं उन गारंटी को समय रहते हुए पूरा भी करते हैं इसलिए देश और प्रदेश की जनता पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करती हैं रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने लगातार कई वर्षों तक देश व प्रदेश में राज किया लेकिन आज तक किसी भी व्यक्ति के खाते में एक रुपए तक नहीं डाला जबकि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश और प्रदेश की जनता के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभा रही महिलाएं

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महिलायें बढ़चढ़ कर उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रही हैं। इन कार्यक्रमों में स्वयं सहायता समूहों, आगंनवाड़ी केन्द्रों, आशा वर्ककरों, महिला मंडलों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के रूप में महिलायें उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं।श्री रेणुका जी क्षेत्र में स्वीप की नोडल अधिकारी प्रो. पूनम शर्मा ने यह जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि रेणुका जी क्षेत्र में महिलायें जागरूकता अभियान का मुख्य हिस्सा बन कर कार्य कर रही हैं।मतदाता जारूगता अभियान के अन्तर्गत आज रेणुका जी के रणफु आ-जबड़ोग और अंधेरी पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इससे पूर्व शुक्रवार को ग्राम पंचायत सताहन और सांगना में मतदाता जागरूक कार्यक्रम आयोजित हुये।उन्होंने कहा कि रेणुका जी क्षेत्र में गत मार्च से लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में जहां मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है वहीं पर पात्र नव मतदाताओं और छूटे हुए पात्र लोगों को अपने नाम मतदाता सूची में नामांकन से 10 दिन पूर्व तक दर्ज कराने के लिए भी कहा जा रहा है।इस अवसर पर विभिन्न स्वंय सहायता समूहों की महिलायें, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि व महिला मंडल की सदस्य भी प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# असफलता का ठीकरा भाजपा पर न फोड़े मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु : राकेश

चमन शर्मा

**शिमलाः हिमाचल** प्रदेश के पूर्व में रहे मुख्यमंत्रियों या बड़े नेताओं को जहां आज उनके काम से याद किया जाता रहा है वहीं हिमाचल के वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु को रोने वाले मुख्यमंत्री के रूप में सालों साल याद किया जाएगा। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र अरठी में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री आज जितना भाजपा नाम का जाप कर रहे हैं उतना अपने कुनबे को संभालने का प्रयास किया होता तो प्रदेश में आज ये स्थिति उत्पन्न न होती। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री का तो ये हाल है नाच न



जाने आंगन टेड़ा, खुद अपनी अपरिपक्कवता, अनुभवहीनता के कारण सरकार को चलाने में अक्षम हैं और कोस भाजपा को रहे हैं ऐसे में उन पर यह लोकोक्ति सटीक बैठती हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री कहते हैं कि पार्टी के खिलाफ जाने वाले जीत नहीं पाएंगे पर मेरा उनसे सवाल हैं कि आपके पीडब्लूडी मंत्री की जीत के प्रति आप कितने आश्वास्त हैं। जिनके नेतृत्व में 6बार के मुख्यमंत्री को सम्मान दिलाने और प्रदेश के प्रति अपनी जवाबदेही को तय करने के लिए ये नेता बागी हुए, उस अवसरवादी ने खुद को बचा लिया और इन्हे बागी का तमगा पहना दिया क्या प्रदेश की जनता इस विषय में जानती नहीं हैं। आज वो पीडब्लूडी मंत्री दूध के धुले हो गए या फिर कांग्रेस द्वारा उनको निपटाने का मास्टर प्लान खेला जा रहा हैं। विधायक राकेश जमवाल ने कहा मुख्यमंत्री कहते हैं।

सरकार के 15 महीने के कार्यकाल को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रश्न करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी उपलब्धि है जिसे लेकर वो जनता के बीच जा रहे हैं? उन्होंने ऐसा कौन सा काम किया है जिसे लेकर जनता के बीच जा रहे है? उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि इन 15 महीनों में मात्र जनता को तंग किया। परेशान किया चुनावी वायदे व गारंटीया पूरे करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। महिलाओं को 1500 रू ह्यदेने के वायदे पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी वायदे को पूरा नहीं कर पाई है।

जनता को भ्रमित कर रहे हैं कि मई से यह राशि महिलाओं को दी जाएगी परंतु जब बजट में एक रू तक का प्रावधान नहीं किया गया तो कैसे इस गारंटी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे परंतु इसके बारे में भी सरकार कोई कदम नहीं उठा पाई है।

## स्वच्छता अभियान को गति देगी सरकाघाट कल्याण सभाः प्रभु दयाल सिंह ठाकुर

अभियान

8 रपतवार निकाले गए और साथ में परिसर को पॉलिथीन से मुक्त किया गया



खेमचंद शास्त्री

**मंडीः सरकाघाट** कल्याण सभा की बैठक माता चामुंडा मंदिर मोतीपुर मे सभा के फ ाउंडर मेंबर और मुख्य संरक्षक केएस प्रेमी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभा के प्रधान प्रभु दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव धर्मेंद्र राणा, वित्त सचिव राजेंद्र ठाकुर, मुख्य सलाहकार हेमराज ठाकुर, उपप्रधान प्रेम सिंह गुलेरिया व सह-सचिव जगदीश ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य माता चामुंडा मंदिर मोती परिसर में स्वच्छता अभियान को चलाना था। तत्पश्चात संपूर्ण माता चामुंडा माता मोतीपुर परिसर में झाड़ू लगाया गया।

खरपतवार निकाले गए और साथ में परिसर को पॉलिथीन से मुक्त किया गया। इस अवसर पर बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में औषधीय पौधों के साथ.साथ बेलपत्र और रुद्राक्ष के पौधों का पौधा रोपण किया जाएगा। समय-समय पर सरकाघाट कल्याण सभा यहां पर स्वच्छता अभियान चलाती रहेगी और यह जो सुंदर परिसर है इसको और साफ सुथरा रखने के लिए हमेशा अपने योगदान देती रहेगी।

# रामपुर एचपीएसए बायल में अग्निसेवा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

लिहांटू

**रामपुर बुशहरः** रामपुर एचपीएस (412 मेगावाट), बायल के मुख्य कार्यालय परिसर के सभागार में आज 20 अप्रैल, 2024 को राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के समापन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के मध्य आयोजित की गई विभिन्न अग्नि सुरक्षा गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख विकास मारवाह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के प्रति परियोजना का नेतृत्व सजग और प्रतिबद्ध है और अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अग्नि सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। विभागाध्यक्ष (पीएसआईटीसी एवं सुरक्षा) रौशन



कुमार ने जानकारी दी कि बर्ष 1944 को मुंबई पोर्ट के विक्टोरिया डॉक में भीषण अग्नि घटना के दौरान शहीद होने वाले




अग्नि शमन कर्मियों को श्रद्धांजली देने के लिए 14 अप्रैल को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसी दिन से अग्नि सेवा सप्ताह की शुरूआत भी हो जाती है, जिसका मकसद अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सभी को जागरूक करना है स उन्होंने यह भी कहा की सुरक्षा विभाग परियोजना प्रबन्धक के दिशा-निर्देशन में बेहतर करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। डिप्टी कमांडेंट कौशलेन्द्र सिंह ने आश्वत किया कि सीआईएसएफ की पूरी टीम परियोजना की सुरक्षा के लिए प्रबन्धन के मार्गदर्शन में तत्पर है।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. विवेक आनंद सुरीन, महाप्रबंधक प्रकाश चंद, उप महाप्रबंधक राजीव सिन्धु, उप महाप्रबंधक रौशन कुमार, डिप्टी कमांडेंट (सीआईएसएफ ) कौशलेन्द्र सिंह, उप महाप्रबंधक विकास मेहता, वरिष्ठ प्रबन्धक विकास मेहता, इंस्पेक्टर (फ ायर) हरेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह एवं सुरक्षा समिति के सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रबन्धक (सुरक्षा) मनोज कुमार चौहान ने अंत में सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पालमपुर मामले में सख्त कार्रवाई कर रही पुलिस, युवती की हालत स्थिर : एसपी कांगडा

धर्मशाला

**पालमपुर बस** अड्डे पर बीते दिन शनिवार को हुई दिल दहला देने वाली घटना को लेकर एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि इस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा जांच पड़ताल व कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कृत्य को करने के पीछे पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया है कि किसी शादी में उन दोनों की जान पहचान हुई थी। पिछले पांच-छह साल से इनकी सोशल मीडिया में भी जान पहचान रही है। जिसके बाद लड़की से युवक ने बात करने की कोशिश की लेकिन लड़की ने उससे बात करने से मना कर दिया जिसके बाद उसने इस तरह की हरकत को अंजाम दिया है। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में एसपी ने बताया कि आरोपी युवक से सभी विषयों को लेकर पूछताछ की जा रही है। इसमें वीडियो में दिख रहे एक अन्य लड़के को लेकर भी उससे पूछा गया है, जिसमें आरोपी ने अभी तक कुछ भी जानकारी नहीं दी है। एसपी ने कहा कि पालमपुर बस अड्डे में दिन दिहाड़े यह काफी डरावनी घटना सामने आई है। जिसमें युवक ने कॉलेज की छात्रा पर हत्या के इरादे से वार किए हैं। उन्होंने कहा कि युवक ने दराट से बार-बार वार करने के बाद उसे गम्भीर घायल कर दिया। इसमें लोगों ने बीच बचाव करते हुए युवक को युवती को बचाने के लिए उक्त आरोपित की पिटाई भी की है। इस घटना में पालमपुर के स्थानीय निवासी मनेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचित करने और अस्पताल पहुंचाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से आरोपित युवक को तुरन्त कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया। वहीं युवती को जल्द ही अच्छा उपचार दिलाने के लिए पहले पालमपुर फिर टांडा और बाद में पीजीआई रैफर कर दिया गया, जहां उसका ईलाज चल रहा है और युवती की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही युवती की हालत स्थिर होगी तो इस सारे घटनाक्रम को लेकर बयान भी दे पाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित के पुलिस रिमांड की मांग न्यायालय की जाएगी।

### मोबिल- 1 मोटर ऑयल ने 50 वर्ष पुरे किये

**शिमला : एक्सॉन** मोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल- 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50 वीं वर्षगाँठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल साझेदारी,मोटर स्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल-1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा।पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरूआत करने और फिर मोबिल-1 ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल -1ब्रांड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पाँच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है।मोबिल -1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है।इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है। मोबिल-1 ग्लोबल ब्रांड मैनेजर लॉरा बस्टर्ड ने कहा, एक्सॉन मोबिल एक क्रांतिकारी सिंथेटिक मोटर ऑयल के रूप में मोबिल-1ब्रांड की विरासत पर बहुत गर्व महसूस करता है।50 साल पहले अपनी स्थापना से ही मोबिल-1 मोटर ऑयल ने लगातार गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानक स्थापित किए हैं और अगले 50 वर्षों तक इसमें सुधार और उत्कृष्टता जारी रहेगी।

### दुर्गा मंदिर में आयोजित नाचन कांग्रेस में साफ नजर आई गुटबाजी

सुभाग सचदेवा

**गोहर:** श्री दुर्गा मंदिर गोहर में आयोजित कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में नाचन कांग्रेस की गुटबाजी भी खुलकर सामने आई। जहां कुछ कार्यकर्ता आपस में उलझते नजर आए वहीं कुछ साइड में रह कर कार्यकारी अध्यक्ष का इंतजार करते रहे। कार्यकारी अध्यक्ष यहां तय समय से कुछ देरी से पहुंचे और कार्यकर्ता भरी धूप में पार्टी समर्थित नारे लगाते रहे। बीच बीच में महिला कार्यकताओं ने नाचन विस क्षेत्र से प्रत्याशी रहे नरेश चौहान के पक्ष में भी नारे लगाए जिस पर आयोजक बार बार कांग्रेस, लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू और चंद्रशेखर के ही नारे लगाने की हिदायत देते रहे। पूर्व प्रत्याशी नरेश चौहान सम्मेलन स्थल पर कार्यकताओं के साथ काफ ी पहले आ गए थे जबकि सहकारी बैंक के निर्देशक लाल सिंह कौशल मुख्यातिथि के साथ आए। वहीं कार्यकताओं ने मुख्यातिथि का स्वागत कर उन्हें व नरेश चौहान को मालाएं पहनाई लेकिन लाल सिंह कौशल को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। इस पूरे घटनाक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर ने अपनी आंखों से देखा और कार्यकताओं को एक जुट होकर एक मंच पर एक जुटता के साथ पार्टी के पक्ष में काम करने की हिदायत दी।

## बुराड़ी मेले का उत्साह शिखर पर, स्थानीय महिलाओं ने पहाड़ी नाटी के माध्यम से दी बधाई



खेमचंद शास्त्री

**मंडीः द्रंग क्षेत्र** का विख्यात मेला साल दर साल जो है ऊंचाइयों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। इस वर्ष मेले की पांचवी वर्षगांठ को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है जिसका उदाहरण है की ग्राम पंचायत की समस्त महिलाओं ने एकत्रित होकर पहाड़ी नाटी कर मेले की बधाई प्रेषित करी। नारों के माध्यम से मेले का निमंत्रण भी जन-जन तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही भटोग महिला मंडल प्रधान ललिता ठाकुर ने कहा की मेला पांचवी बार है और लोगों में इसका भारी उत्साह है और यह मेला जिस मुकाम पे आज पहुंच चुका है यह द्रंग का एक गौरव बन गया है। इसका श्रेय वर्तमान प्रधान शुभम शर्मा अध्यक्ष, बुराड़ी मेला कमेटी, ग्राम पंचायत टांडू को जाता है जिनके अथक प्रयास से बुराड़ी मेले को नव जीवन प्राप्त हुआ है। महिला मंडल प्रधान बबिता और कल्पना ने कहा मेले होने से स्थानीय महिलाओं को जहां घर से

पांचवी वर्षगांठ


8 द्रंग क्षेत्र का विख्यात मेला साल दर साल जो है ऊंचाइयों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

निकलने का मौका मिलता है वहीं अपनी कला को बिखेरना के लिए भी मंच प्राप्त होता है। बुराड़ी मेला सही ढंग से आयोजित होता है यही इसकी खासियत भी है। इस मौके पर स्थानीय प्रधान शुभम शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा की मेले को पुनः शुरू करना और यहां तक पहुंचाना बहुत कठिन था परंतु देवी देवताओं के आशीष और जनता के सहयोग से ही यह संपूर्ण हो पाया है। उन्होंने अपने संबोधन में मेला संस्कृति को संजोए रखने के लिए सभी को एकता के सूत्र में जुडने की अपील करी। इस मौके पर टांडू उपप्रधान देवी, बुराड़ी मेला कमेटी मुख्य सलाहकार आनंद प्रकाश, सतीश नेगी, तरुण अन्य उपस्थित रहे।

## प्रदेश को अराजकता, दादागिरी, गुंडागर्दी का हब बना दिया, यह सब वर्तमान कांग्रेस सरकार की देनः बिंदल

चमन शर्मा

शिमलाः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की जिला कांगड़ा के पालमपुर में जिस कदर युवती पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है वह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सुक्खू को व कांग्रेस सरकार को आईना है। डेढ़ वर्ष के छोटे से समय में हिमाचल प्रदेश को अराजकता काए दादागिरी काए गुंडागर्दी का हब बना दिया है और यह सब वर्तमान कांग्रेस सरकार की देन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि युवती के उपर 12 बार धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल किया गया। यह साबित करता है कि कैसे दरिंदो को, गुण्डों को वर्तमान सरकार का संरक्षण प्राप्त है। चम्बा के दलित युवक की



हत्या करके उसके 8 टुकड़े कर दिए गए परन्तु सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। उस दिन से हत्या, बलात्कार, डकैती का चला हुआ क्रम थमन का नाम नहीं ले रहा है।डा.बिन्दल ने कहा कि इस सरकार में डर और भय आम नागरिक को है। भाजपा कार्यकताओं को हैए सरकार के विरोध में आवाज उठाने वाले विधायकों को है परन्तु खूनी, बलात्कारी भय मुक्त हैं। पुलिस का डंडा राजनीतिक विरोधियों पर डटकर चल रहा है परन्तु चुनाव की इस बेला में जब चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा होनी चाहिए। ऐसे समय पर जानलेवा हमले जैसी वारदात होना वर्तमान कांग्रेस सरकार का अंत आ गया है यह साबित करता है। प्रदेश में सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार अपना इकबाल खो चुकी है और उसे सत्ता में रहने का कोई हर नहीं है।

## नालागढ़ : स्कार्पियो-बाइक टक्कर हादसा, हत्या की साजिश का खुलासा

सोलन

**जिले** के अंतर्गत ओद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ के तहत बगलैहड़ नदी में स्कार्पियो की टक्कर से बाइक समेत गिरे तीन युवकों के मामले में हत्या की साजिश का खुलासा पुलिस ने किया है । घटना के नौ दिन बाद इस बात की परतें खुलना शुरू हुई हैं। जिसमें पता चला है कि मामे के बेटे द्वारा बुआ के बेटे की निर्मम हत्या करने की साजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया था । पुलिस द्वारा इस गुत्थी को सुलझाने के दावे के साथ ही मुख्य आरोपी रिक्की समेत उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार करने की भी बात सामने आई है । 11 अप्रैल को एक स्कॉर्पियो गाड़ी से जोरदार टक़्कर लगने के बाद बगलैहड नद्दी में एक बाइक जा गिरी थी, जिसमें सवार



तीन युवकों बाइक समेत नदी में जा गिरे थे । पुलिस ने इसे एक्सीडेंट का मामला समझकर केस दर्ज किया था । इस घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनमें से एक सुखविंद्र सिंह को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया था । इलाज के दो दिन बाद सुखविंद्र सिंह ने पीजीआई में दम तोड़ दिया था । जिस कारण पुलिस ने मामले में धारा 307 और 302 को भी जोड़ते हुए इस मामले में संलिप्त

तीनों आरोपियों को पुलिस ने दबिश देकर अलग-अलग जगहों पर तलाश कर 9 बाद अब तीनों आरोपीयों को धर दबोचा है । पुलिस का कहना है कि मामले में तीनों आरोपियों को नालागढ़ कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ में और भी खुल्लासे हो सकते हैं। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल को एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक़्कर मरने के बाद बाइक पर सवार तीन युवकों को नदी में फेंक दिया था । सूचना के बाद लोगों की मदद से बाहर निकालकर तीनों घायलों को इलाज के लिए नालागढ़ के सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत की गंभीरता को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया था।

# लोकसभा चुनाव के लिए सीटू ने जारी किया 'मजदूरों का घोषणापत्र'

चमन शर्मा

**शिमलाः सीटू** जिला सोलन का अधिवेशन बद्दी में आयोजित किया गया। लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में रैकेट, जुपिटर, ग्लेनमार्क, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट भागा, बघेरी, आइसोलोयड, अल्बिया, जीएमपी, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, मनरेगा, निर्माण यूनियनों से जुड़े सैंकड़ों मजदूरों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिवेशन में विजेंद्र मेहरा, मोहित वर्मा, दलजीत सिंह, राकेश, देवराज बबलू, अनिल

अधिवेशन

8 मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया।

कौशल, विकास, राजेन्द्र, सुनील, गुरदेव, बलबीर, अजय, कृष्ण पाल, सुरेश, राजेश, दीप, नीरज, देवेंद्र, अनिल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।अधिवेशन का उद्घाटन सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने किया। सीटू जिलाध्यक्ष मोहित वर्मा ने अधिवेशन का समापन किया। उन्होंने वर्तमान समय के राजनीतिक हालात पर विस्तार से



बात रखते हुए मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से पिछले दस साल से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फ ायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। यहां तक कि गरीब लोगों के बच्चों को सेना के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के रास्ते को बंद करने के लिए अग्निवीर योजना को लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार द्वारा अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले किया जा रहा है। लोगों के रोजमर्रा के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार द्वारा धार्मिक मसलों को ढाल बनाया जा रहा है। जहां एक तरफ लगातार जनता पर जीएसटी जैसे टैक्स थोपे गए हैं वहीं पर कॉरपोरेट घरानों को लाखों करोड़ रुपयों की टैक्स व कर्जा माफी दी गई है। इस से जाहिर होता है कि मोदी सरकार आम जनता की जेब पर भारी भरकम टैक्स का बोझ डालकर अपने चंद कॉपोरेट दोस्तों की तिजोरिया भरने के काम में लगी हुई है।

## मेरा हिमाचल मेरा गर्व डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यशाला आयोजित



सुभाग सचदेवा

**गोहरःडीएवी पब्लिक** स्कूल गोहर में अंतर सदनीय भाषा प्रतियोगिता का आयोजन मेरा हिमाचल मेरा गर्व थीम पर किया गया। स इस प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के 50 बच्चों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रदेश की स्थापना सुन्दरता और खूबसूरती की बड़े सुंदर शब्दों में व्याख्या की स सभी दर्शकों ने सभी प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाया व खूब प्रशंसा की। प्रतियोगिता में हंसराज सदन की धन लक्ष्मी प्रथम, दयानंद सदन की शगुन द्वितीया और विवेकानंद सदन की ट्विशल तृतीया स्थान पर रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभाओं की प्रशंसा की।

